प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 भानिवार** **दिनांक 11.10.2025**

**मुख्य समाचारः–**

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम धन धान्य कृषि योजना' और 'दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन' का किया शुभारंभ–छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा, कोरबा और जशपुर जिले भी शामिल।

2– स्कूल शिक्षा विभाग के निलंबित कर्मचारियों की बहाली पर अब उनकी पदस्थापना शिक्षक–विहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालयों में की जाएगी।

3– बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से एक जवान घायल–दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने एक महिला सहित छह संदिग्धों को किया गिरफ्तार।

**और**

4– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बारह और तेरह अक्टूबर को राजधानी रायपुर में लेंगे कलेक्टर–पुलिस अधीक्षक कॉन्फ्रेंस।

---------------

**<u>प्रधानमंत्री–धन–धान्य कृषि योजना</u>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में कृषि और इससे जुडे क्षेत्रों में बयालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने पैंतीस हजार करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली कृषि क्षेत्र की दो प्रमुख पहल पीमए धन–धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता

मिशन का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की आत्मनिर्भरता और किसानों के कल्याण के लिए ये दो नई योजनाएं शुरू की गई हैं।

**प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना और दूसरी दलहन आत्मनिर्भरता मिशन ये दो योजनाएं भारत के करोड़ों किसानों का भाग्य बदलने का काम करेगा। इन योजनाओं पर भारत सरकार करीब पैंतीस हजार करोड़ रूपए से ज्यादा खर्च करने वाली है। साथियों, खेती और किसानी हमेशा से हमारी विकास यात्रा का एक प्रमुख हिस्सा रही। बहुत जरूरी होता है कि बदलते समय के साथ खेती, किसानी को सरकार का सहयोग मिलता रहे।**

प्रधानमंत्री ने बताया कि दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन भावी पीढी को आत्म्मनिर्भर बनाने की योजना है।

**आज से दलहन आत्मनिर्भरता मिशन भी शुरू हो रहा है। ये सिर्फ दाल उत्पादन बढ़ाने का मिशन नहीं है बल्कि हमारी भावी पीढ़ी को सशक्त बनाने का भी अभियान है। बीते सालों में भारत के किसानों ने रिकॉर्ड खाद्य उत्पादन किया है। आज भारत दुनिया के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है।**

श्री मोदी ने कहा कि पीएम धन धान्य कृषि योजना के अंतर्गत पशु धन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**<u>प्रधानमंत्री–धन–धान्य कृषि योजना–02</u>**

प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन में छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा, कोरबा और जशपुर जिले को भी शामिल किया गया है। इस मिशन के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मिशन से प्रदेश में खेती किसानी की तस्वीर बदलेगी और किसानों

की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने इस महत्वपूर्ण मिशन में छत्तीसगढ़ की तीन जिलों को शामिल किए जाने पर प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

## निलंबित कर्मचारी–पदस्थापना

स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत निलंबित कर्मचारियों के बहाल होने पर अब उनकी पदस्थापना शिक्षक–विहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालयों में की जाएगी। लोक शिक्षण संचालनालय ने द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि निलंबित कर्मचारियों के बहाल होने पर उनकी पदस्थापना शिक्षक विहीन अथवा एकल शिक्षकीय विद्यालयों में प्राथमिकता के आधार पर की जाए, ताकि विद्यालयों में शिक्षण कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके तथा विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। अब तक निलंबन से बहाल किए गए कर्मचारियों की पदस्थापना जिले और संभाग के अन्य विद्यालयों में की जा रही थी।

## ईपीएफओ–आदेश

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने कर्मचारी पेंशन योजना के अंतर्गत पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनरों के लिए एक बड़ा निर्णय लिया है। अब पेंशनर वर्ष के किसी भी माह में अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। यह प्रमाण पत्र एक वर्ष तक वैध रहेगा। जीवन प्रमाणपत्र को केवल नवंबर माह में जमा कराने की पूर्व अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है। अब पेंशनर स्वयं अथवा कोई अन्य व्यक्ति मोबाइल एप के माध्यम से भी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकता है।

वहीं, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के एक अन्य आदेश के मुताबिक ईपीएफओ के अंतर्गत आने वाली सभी संस्थाओं को अपने परिसर के बाहर तथा वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन पर अपनी आवश्यक जानकारी प्रदर्शित करनी होगी।

## जवान घायल

बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से एक जवान घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार एफओबी पुजारी कांकेर कैम्प से सुरक्षा बलों की टीम सर्चिंग अभियान पर निकली थी। इसी दौरान प्रेशर आईईडी में विस्फोट होने से कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया। घायल जवान को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

इस बीच, दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने सर्चिंग अभियान के दौरान बारसूर थाना क्षेत्र के मंगनार इलाके से एक महिला सहित छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से आईईडी सहित अन्य माओवादी सामग्री बमराद की गई है।

इधर, गरियाबंद जिले में पुलिस ने शोभा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रक्षापत्थर इलाके से भारी मात्रा में विस्फोटक, दवाइयां और अन्य माओवादी सामग्री बरामद की है। इस विस्फोटक को माओवादियों ने जमीन के अंदर छिपाकर रखा था।

## कलेक्टर/एसपी–कॉन्फ्रेंस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रशासन में कसावट लाने और शासन की जन कल्याणकारी योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए बारह और तेरह अक्टूबर को राजधानी रायपुर में कलेक्टर–पुलिस अधीक्षक कॉन्फ्रेंस लेंगे। इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री जिला कलेक्टरों, संभागीय आयुक्तों और पुलिस अधीक्षकों से राज्य तथा केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की जिलेवार प्रगति की समीक्षा करेंगे। वहीं, पुलिस अधीक्षक और पुलिस महानिरीक्षक के साथ जिलों में कानून व्यवस्था सहित विभिन्न मुद्दों की भी समीक्षा करेंगे। इस कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में वनमंडलाधिकारी भी शामिल होंगे।

**<u>मुख्यमंत्री–छात्रवृत्ति</u>**

राज्य के शैक्षणिक संस्थानों, आश्रम–छात्रावासों और तकनीकी तथा प्रोफेशनल पाठ्यक्रम में पढ़ाई करने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को शिष्यवृत्ति और छात्रवृत्ति का भुगतान अब उनके बैंक खाते में ऑनलाईन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में इन वर्गों के एक लाख अंठानवे हजार विद्यार्थियों के बैंक खातों में चौरासी करोड़ रूपए से अधिक की शिष्यवृत्ति और छात्रवृत्ति ऑनलाईन अंतरित की।

इस मौके पर प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने बताया कि प्री. मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति तथा शिष्यवृत्ति भुगतान के लिए नयी व्यवस्था के तहत जून, सितंबर, अक्टूबर और दिसंबर माह में विद्यार्थियों को ऑनलाईन भुगतान किया जाएगा।

**<u>कोंडागांव–राष्ट्रीय पुरस्कार</u>**

नीति आयोग द्वारा आयोजित ”नीति फॉर स्टेट्स’–’यूज केस चैलेंज अवॉर्ड्स’ में कोंडागांव जिले को ’स्वास्थ्य और पोषण’ श्रेणी में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार मसूरी में आयोजित समारोह में नीति आयोग के सीईओ बी. वी. आर. सुब्रमण्यम और लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के डायरेक्टर श्रीराम तरणीकांति द्वारा कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना को प्रदान किया गया। यह पुरस्कार जिले द्वारा गर्भवती महिलाओं में एनीमिया में कमी लाने संबंधी पहल के लिए दिया गया।

**<u>केंद्रीय संचार ब्यूरो–लोकसंपर्क</u>**

केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर द्वारा बस्तर जिले के ग्राम फरसागुड़ा में आज पोषण माह के अवसर पर विशेष लोकसंपर्क और जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व

सांसद दिनेश कश्यप ने किया। कार्यक्रम में पोषण आहार विषय पर प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सौ से अधिक ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

## **ओपन शतरंज प्रतियोगिता**

जशपुर में आज से राज्य स्तरीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता शुरू हो गई है। इसका शुभारंभ विधायक रायमुनी भगत ने किया। छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित इस तीन दिवसीस प्रतियोगिता के पहले दिन दो सौ चार खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

## **बाघिन–मौत**

नवा रायपुर स्थित जंगल सफारी से इलाज के लिए गुजरात भेजी गई बीमार बाघिन बिजली की मौत हो गई है। बीते सात अक्टूबर को उसे ट्रेन से गुजरात के जामनगर स्थित वनतारा वाइल्डलाइफ रेस्क्यू एंड केयर सेंटर भेजा गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। यह बाघिन पिछले कुछ समय से बीमार थी।

## **मौसम**

अगले दो–तीन दिनों के दौरान उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ से दक्षिण–पश्चिम मानसून की विदाई होने की संभावना है। वहीं, मौसम विभाग के मुताबिक अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>